# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 24 अप्रैल 2024, बुधवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा केरल के अलपुज्झा में आयोजित विशाल जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**पूरा केरल मोदी जी के साथ आग बढ़ने के लिए तैयार है**

****************

**केरल की संस्कृति और विरासत का संरक्षण सिर्फ मोदी जी कर सकते हैं**

****************

**वोटबैंक के लिए कांग्रेस और कम्युनिस्ट पीएफआई का समर्थन करते हैं**

****************

**जब तक मोदी जी की सरकार है PFI जैसे संगठन बैन ही रहेंगे**

****************

**कांग्रेस और कम्युनिस्ट के बीच में नकली लड़ाई है**

****************

**नारियल जटा उद्योग को विशेष पैकेज देगी मोदी सरकार**

****************

**कम्युनिस्ट और कांग्रेस के शासन में केरल में आतंकवाद को पनाह मिली**

****************

**भाजपा कार्यकर्ता श्रीनिवासन की हत्या SDPI और PFI के लोगों ने की**

****************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बुधवार को केरल के अल्पुज्झा में विशाल जनसभा को संबोधित किया और पीएफआई और एसडीपीआई से समर्थन प्राप्त करने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी और कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अल्फोंस कन्ननथनम, अलपुझा उम्मीदवार श्रीमती सोभा सुरेंद्रन, वकील जॉर्ज कुरियन, श्री एम वी गोपकुमार समेत पार्टी के अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि श्रीमती शोभा सुरेंद्रन को दिया गया प्रत्येक वोट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए समर्थन को मजबूत करेगा। केरल की जनता माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ने का प्रण ले चुकी है। केरल के किसान और मछुआरे भी माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का समर्थन कर रहे हैं। **केरल की संस्कृति और विरासत के संरक्षण के लिए राज्य के कोने-कोने से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को जिताने की गूंज उठ रही है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि **केरल में तीन खेमे हैं - पहला कम्युनिस्टों का, दूसरा कांग्रेस का और तीसरा एनडीए का लेकिन अब देश में कम्युनिस्ट और कांग्रेस पार्टी समाप्त हो गई है, आने वाला समय भारतीय जनता पार्टी का समय है।** आगामी चुनाव में श्रीमती शोभा जी को जिताकर तीसरी बार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को चुनने का चुनाव है। **आगामी चुनाव भारत को दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने, 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने, ऐग्रिकल्चर और टेक्नॉलजी के क्षेत्र में भारत को नंबर वन पर लाने का, चंद्रयान और मंगलयान को सफल करने का और केरल को हिंसा से मुक्त करने का चुनाव है।**

श्री शाह ने इंडी गठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि **तथाकथित इंडी गठबंधन की कलई खुल चुकी है, गठबंधन के 2 घटक कम्युनिस्ट और कांग्रेस, केरल और पश्चिम बंगाल में आपस में नकली लड़ाई लड़ते हैं, परंतु दिल्ली में एक मंच पर साथ आते हैं।** इससे कांग्रेस पार्टी और कम्युनिस्टों के बीच आपसी संबंधों की स्पष्टता ज्ञात होती है। **कम्युनिस्ट और कांग्रेस पार्टी पीएफआई का समर्थन करते हैं, दोनों पीएफआई के बैन पर मौन हैं।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश की जनता को पीएफआई के त्रास से मुक्ति दिला सकते हैं। केरल का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए प्राण न्यौछावर करने को तैयार है। कांग्रेस ने तुष्टिकरण के लिए धारा 370 को 70 वर्षों तक जीवित रखा, लेकिन 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त कर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का अभिन्न अंग बनाया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को आतंकवाद और नक्सलवाद से सुरक्षित करने का कार्य किया है। देश के 80 करोड़ लोगों की गरीबी हटाने का कार्य माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी लगातार कर रहे हैं।** आयुष्मान भारत योजना के तहत ₹5 लाख तक का व्यापक स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है गया है जिसमें अलपुज्झा के 6 लाख 40 हजार व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं। **माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अलपुज्झा में 360 करोड़ की विकास योजनाएं शुरू की गई हैं।** पीएम किसान निधि के तहत हर साल किसानों को 6000 हजार रुपये प्रतिमाह देने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। 1 लाख 70 हजार गरीबों के घर में नल से जल पहुंचाने का कार्य हुआ है। **केरल में मत्स्य संपदा योजना के तहत सैकड़ों मछुआरों को लाभ मिल रहा है। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दीजिए, आने वाले वर्षों में मोदी गारंटी के चलते केरल में नारियल जटा उद्योग के लिए विशेष योजना लाकर उद्योग को बढ़ावा दिया जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि **कम्युनिस्ट और कांग्रेस ने केरल में आतंकवाद को शरण देने का काम किया है। साथ ही वोटबैंक की राजनीति के चलते पीएफआई का समर्थन करने के काम भी किया है।** 2021 में भाजपा के कार्यकर्ता श्री रंजीत श्रीनिवासन की हत्या उनके परिवार के सामने एसडीपीआई और पीएफआई के लोगों ने की थी। 2021 में ही आरएसएस के मुख्य शिक्षक श्री नंदू की हत्या आतंकवादी संगठनों ने की थी। केरल की जनता को आश्वासन देते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि **जब तक देश में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है, पीएफआई जैसे संगठन बैन ही रहेंगे।** कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों ही किसान विरोधी हैं, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में धान पर एमएसपी को ₹1310 से बढ़कर ₹2183 किया गया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े करुवन्नूर बैंक घोटाले की जांच शुरू कर दी है और भाजपा मोदी सरकार हर पैसे की वसूली सुनिश्चित करेगी। **सीपीआई (एम) के नेताओं ने करुवन्नूर बैंक में घोटाला कर कोऑपरेटिव की भावना को नुकसान पहुंचाया है। सीपीआई (एम) और कांग्रेस दोनों ही कोऑपरेटिव घोटाले पर चुप्पी साधे बैठी है।** भाजपा हर दोषी पर कड़ी कार्रवाई करेगी। सीपीआई (एम) भारत की परमाणु ऊर्जा को खत्म करने की बात कर रही है, लेकिन सीपीआई (एम) को पहले अन्य कम्युनिस्ट नेतृत्व वाले देशों की परमाणु क्षमताओं वाले देशों को परमाणु ऊर्जा खत्म करने की बात कहनी चाहिए। **श्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के परमाणु महाशक्ति बना है और बना रहेगा और भाजपा देश की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगी।**

श्री शाह ने कहा कि सीपीआई (एम) और कांग्रेस के नेताओं पर काली रेत के अवैध खनन कर तस्करी के आरोप हैं। विभिन्न घोटालों में केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और उनके परिवार का नाम सामने आया, मगर फिर भी पारदर्शिता की वकालत करने वाली कम्युनिस्ट पार्टी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चुप्पी साधे बैठे है। **अलपुज्झा में कांग्रेस और कम्युनिस्ट दोनों पार्टियों को राष्ट्र-विरोधी संगठनों से समर्थन मिलता है। केरल में सीपीआई (एम) और कांग्रेस को क्रमशः पीडीपी और एसडीपीआई का समर्थन प्राप्त है।** भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की चाहत रखने वाला संगठन कांग्रेस का समर्थन कर रहा है। अब अलपुज्झा के मतदाताओं को सही विकल्प चुनना है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि केरल के मछुआरे राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, उन्हें समर्थन देने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 2 लाख 17 हजार से अधिक बायोमेट्रिक कार्ड प्रदान किए गए हैं। केरल में मत्स्य पालन और जलीय कृषि बुनियादी ढांचे के विकास के लिए, मोदी सरकार ने केरल को 260 करोड़ रुपये आवंटित किए और प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत, केरल को ₹444 करोड़ दिए गए। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ही केरल और पूरे देश की सुरक्षा और विकास की गारंटी दे सकते हैं। केवल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही भारत को महानता की ओर ले जा सकती है।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने केरल की सभी सीटों पर भाजपा और एनडीए को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

****************************